प्रादेशिक समाचार

दिनांक–27.10.2024 (सुबह 08:30 बजे)

मुख्य समाचार

1. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज पूर्वाह्न 11 बजे आकाशवाणी पर मन की बात कार्यक्रम में देश–विदेश के लोगों के साथ अपने विचार करेंगे साझा।
2. चुनाव आयोग ने मंत्री इरफान अंसारी द्वारा सीता सोरेन के खिलाफ बयान देने के मामले में जामताड़ा जिला प्रशासन से मांगी रिपोर्ट, प्राथमिकी दर्ज, राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग ने भी मुख्य सचिव और डीजीपी से मांगी पूरी जानकारी।
3. राज्य में आदर्श आचार संहिता लगने के बाद से अबतक 57 करोड़ 66 लाख रुपए के अवैध सामान और नकदी जब्त, उन्नीस के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज।
4. झारखंड में कमजोर पड़ा चक्रवातीय तूफान दाना, संताल और कोल्हान समेत राज्य के कई हिस्सों में अगले चार दिनों तक हल्की बारिश का अनुमान।

*****************

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज पूवाह्न 11 बजे आकाशवाणी पर मन की बात कार्यक्रम में देश–विदेश के लोगों के साथ अपने विचार साझा करेंगे। यह मासिक रेडियो कार्यक्रम की 115वीं कड़ी होगी। यह कार्यक्रम आकाशवाणी और दूरदर्शन के सभी नेटवर्क, आकाशवाणी समाचार वेबसाइट और न्यूज ऑन एआईआर मोबाइल ऐप पर प्रसारित किया जाएगा। हिंदी में प्रसारण के तुरंत बाद क्षेत्रीय भाषाओं में भी इस कार्यक्रम को प्रसारित किया जाएगा।

*****************

चुनाव आयोग ने मंत्री इरफान अंसारी द्वारा सीता सोरेन के खिलाफ बयान देने के मामले में जामताड़ा जिला प्रशासन से पूरी रिपोर्ट मांगी है। वहीं जिले के उपायुक्त सह जिला निर्वाचन पदाधिकारी के निर्देश पर कांग्रेस प्रत्याशी इरफान अंसारी के खिलाफ आचार संहिता उल्लंघन का मामला भी दर्ज कर लिया गया है।

वहीं राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग ने भी इस मामले को गंभीरता से लिया है। आयोग ने स्वतः संज्ञान लेते हुए राज्य के मुख्य सचिव, पुलिस महानिदेशक, गृह सचिव और जामताड़ा जिला के उपायुक्त तथा पुलिस अधीक्षक को नोटिस जारी कर तीन दिनों में रिपोर्ट देने को कहा है।

*****************

झारखंड भाजपा चुनाव प्रभारी और केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह ने जामताड़ा से कांग्रेस प्रत्याशी इरफान अंसारी के सीता सोरेन के खिलाफ दिए गए अमर्यादित बयान को नारी शक्ति का अपमान बताया।

केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने इरफान अंसारी के विवादित बयान पर कहा कि कांग्रेस ने अपने मंत्रियों और नेताओं को इस तरह के बयान देने की खुली छूट दे रखी ळें

इस बीच सीता सोरेन ने कहा कि उनके खिलाफ इरफान अंसारी ने अभद्र भाषा का इस्तेमाल कर महिलाओं का अपमान किया है।

दूसरी ओर  कांग्रेस ने इस मामले में भाजपा पर झूठा आरोप लगाने की बात कही है । इस संबंध में पार्टी के एक प्रतिनिधिमंडल ने  राज्य के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रवि कुमार से मुलाकात कर एक ज्ञापन सौंपा।

*****************

चुनाव आयोग ने सभी राजनीतिक दलों और प्रत्याशियों को विधानसभा चुनाव के दौरान किसी की भावनाओं को आहत करने वाले बयान से बचने को कहा है। अपर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी डॉ. नेहा अरोड़ा ने कहा है कि विवादास्पद बयान से जुड़े मामले में आदर्श आचार संहिता के तहत प्राथमिकी दर्ज कर कार्रवाई होगी।

******************

विधानसभा के पहले चरण में 43 सीटों पर होने वाले चुनाव के लिए दाखिल नामांकन पत्रों की कल जांच होगी। जबकि, नाम वापसी की अंतिम तारीख 30 अक्टूबर है । अपर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी नेहा अरोड़ा ने बताया कि इस चरण में कुल 805 प्रत्याशियों ने पर्चा भरा है। इनमें पूर्वी जमशेदपुर और पश्चिमी जमशेदपुर सीट से सबसे ज्यादा बत्तीस –बत्तीस तथा खूंटी और सिमरिया के लिए सबसे कम ग्यारह– ग्यारह प्रत्याशी हैं।

******************

भाकपा माले ने झारखंड इंडिया ब्लॉक में बिखराव के लिए झारखंड मुक्ति मोर्चा और कांग्रेस को जिम्मेदार बताया है। पार्टी के राज्य सचिव मनोज भक्त ने इन दोनों पार्टियों को सीटों के बंटवारे पर फिर से विचार करने के लिए 24 घंटे का अल्टीमेटम दिया है। इसके बाद पार्टी द्वारा अपने प्रत्याशियों की दूसरी सूची जारी कर दी जाएगी।

******************

लोक जनशक्ति पार्टी, रामविलास ने झारखंड विधानसभा चुनाव के लिए 20 स्टार प्रचारकों की सूची जारी की है। इनमें केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान समेत पार्टी के सभी सांसद तथा राष्ट्रीय कमेटी के पदाधिकारी शामिल हैं। ये सभी एनडीए प्रत्याशियों के समर्थन में चुनावी रैलियों को संबोधित करेंगे।

******************

राज्य में आदर्श आचार संहिता लागू होने के बाद से अब तक 57 करोड़ 66 लाख रुपए के अवैध सामान और नकदी जब्त किए गए हैं। वहीं, आदर्श आचार संहिता उल्लंघन के उन्नीस मामले दर्ज हो चुके हैं। अपर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी नेहा अरोड़ा ने बताया कि विधानसभा चुनाव को प्रभावित करने के मकसद से पैसे और अवैध सामानों के परिवहन को रोकने के लिए सभी चेकनाको पर 24 घंटे जांच अभियान चल रहा है।

******************

भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने कहा है कि झारखंड की जनता सत्ता परिवर्तन का मन बन चुकी है। उन्होंने दावा किया कि विधानसभा चुनाव में एनडीए को 51 से ज्यादा सीटों पर जीत मिलेगी।

******************

धनबाद जिले में निष्पक्ष और शांतिपूर्ण चुनाव कराने को लेकर तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है।

******************

झारखंड ऊर्जा उत्पादन निगम के बैंक खाते से 56 करोड रुपए की फर्जी निकासी मामले की जांच कर रही एसआईटी ने आरोपी बैंक प्रबंधक को गिरफ्तार कर लिया है। उसकी निशानदेही पर सैंतीस लाख रुपए भी बरामद किया गया है।

******************

झारखंड में साइक्लोन दाना लगातार कमजोर पड़ रहा है। मौसम विभाग के मुताबिक अगले 12 घंटे के दौरान इस साइक्लोन के निष्क्रिय होने की संभावना बन रही है। हालांकि राज्य के संताल तथा कोल्हान समेत कई हिस्सों में अगले चार दिनों हल्की बारिश का अनुमान है। इसके बाद तापमान में गिरावट होने से ठंड बढ़ सकती है।

******************

और अब अखबारों की सुर्खियां

रांची से प्रकाशित सभी प्रमुख अखबारों ने सीता सोरेन के खिलाफ मंत्री इरफान अंसारी के बयान पर चुनाव आयोग और अनुसूचित जनजाति आयोग द्वारा संज्ञान लिये जाने की खबर को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

दैनिक भास्कर ने लिखा है–बागियों से घबराई भाजपा, घर घर जाकर रूठों को मना रहे बड़े नेता।

प्रभात खबर की सुर्खी है–एनडीए और इंडिया गठबंधन में अब भी चार सीटों पर पेच।

हिन्दुस्तान लिखता है–ऊर्जा विभाग से निकासी में बैंक मैनेजर गिरफ्तार, सैंतीस लाख रुपये जब्त।

दैनिक जागरण के शब्द हैं–रूठे नेताओं को मनाने में जुटे भाजपाई, रवींद्र राय बने प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष।

अंग्रेजी अखबार द टाइम्स ऑफ इंडिया और हिन्दुस्तान टाइम्स ने इजरायल द्वारा इरान के सैन्य ठिकानों पर किये गये हमले की खबर को पहले पन्ने पर प्रमुखता दी है।

**********